हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 सितंबर 2025

06 अगले बरस तू जल्दी आ, के जयकारों के साथ विदा...



09 भक्तों ने बप्पा को नम आंखो से दी विदाई, अगले बरस ...





## खबर संक्षेप

### तीन लाख 23 हजार रु. की प्रशासकीय स्वीकृति

**नर्मदापुरम।** विधायक प्रेमशंकर वर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से वि.खं., न.पा. केसला, नर्मदापुरम एवं सिवनीमालवा के 102 हितग्राहियों को 13 लाख 23 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वि.खं./न.पा. केसला, नर्मदापुरम एवं सिवनीमालवा के 45 हितग्राहियों को क्रमशः 20-20 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी ही गई है।

### सांसद निधि से 1 लाख 50 हजार की राशि मंजूर की

**नर्मदापुरम।** लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 01 निर्माण कार्य के लिए कुल 01 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर 1 निर्माण कार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विधालय पुरानी इटारसी में विधालय की छात्राओं के लिए आवश्यक खेल उपकरण क्रय हेतु 01 लाख 50 हजार रु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

### पुलिस प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम, जगह-जगह बनाई गई व्यवस्था

# हर्षोल्लास के साथ भक्तों ने किया श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में अनंत चतुर्दशी पर गणपति बप्पा की विदाई शनिवार सुबह से शुरू गई है। डोल बाजे के साथ गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु प्रतिमा लेकर कृत्रिम कुंड पहुंच रहे है। विसर्जन स्थल पर बड़ी मूर्तियों को क्रेन में रखकर कुंड में विसर्जित किया जा रहा है। छोटी मूर्तियों को तैनात कर्मचारी उठाकर कुंड में डाल रहे।

सुबह से दोपहर 3 बजे तक करीब 100 से ज्यादा छोटी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है। कृत्रिम कुंड स्थल पर राजस्व और नगर पालिका द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, एसडीओपी जितेंद्र पाठक, डीएसपी मोहन सारवान, तहसीलदार सरिता मालवीय, कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर, देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे मौके पर मौजूद है। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को आने के लिए अलग मार्ग से और निकलने के लिए अलग मार्ग का सहारा लेना पड़ा। प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। वहीं अधिकांश पंडाल सूने नजर आए।

गणेश चतुर्थी पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला सुबह से प्रारंभ होकर देर रात्रि तक जारी रहा। भक्तों ने कृत्रिम कुंड में प्रतिमा विसर्जित की।



#### नर्मदा घाटो पर भी हुआ विसर्जन



कृत्रिम कुंड के अलावा नर्मदा नदी के घाटों पर भी कई श्रद्धालु गणपति बप्पा को विदा करने पहुंच रहे है। घाट पर पूजन, आरती के बाद श्रद्धालु श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन कर रहे। हालाकि पुलिस प्रशासन द्वारा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

#### हवन, पूजन और हुए भंडारे

शहर के गणेश पंडालों में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सुबह हवन-पूजन और प्रसाद वितरण के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इच्छा पूर्ति गणेश मंडल ने भी विशेष पूजा-अर्चना की।

#### दिन भर निकली झांकिया और जुलूस

प्रतिमा विसर्जन के लिए गणेश प्रतिमाओं को सुबह से ही घाटों पर लाया जाने लगा। वहीं बड़ी गणेश प्रतिमाओं को जुलूस की शक्ल में सड़क के मुख्य मार्ग से होते हुए बैंड बाजे एवं डीजे के साथ विसर्जन स्थल पर लाया गया। इस दौरान रास्ते भर सदस्य नाचते गाते और जयकारे लगाते रहे।

## महिला से पैसे छीनने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नसीराबाद रोड पर कीटनाशक की दुकान एसकेएम एग्रो माल पर काउंटर पर महिला बैठी हुई थी तभी एक अज्ञात युवक आया उसने पैसे खुले करने के नाम पर महिला से 500 नोट के नोट की गड़ी हाथ में ले ली और -500 के 24 नोट झपटकर भाग गया यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं एस डीओ पी सोहागपुर के मार्गदर्शन में टीम का गठन किया गया और तुरंत आसपास के थानों को सूचना दी गई सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को पिपरिया से गिरफ्तार किया आरोपी के पास से रू 6000 बरामद किए हैं बाकी के पैसे उसके साथ में एक युवक और था उसके पास होना बताया है। माखन नगर थाना प्रभारी ने बताया आरोपी को पिपरिया से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मेहंदी हसन निवासी कामीना बड़ी ठाणे मुंबई हाल मुकाम पिपरिया ने घटना के संबंध में पूछताछ में बताया कि मेरे साथ नर्मदा पुरम निवासी बोलू उर्फ जाहिद ईरानी भी इस घटना में साथ मैं था माखन नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया इस घटना के अंजाम देने वाले आरोपी को चंद घंटे में ही पकड़ने वाले पुलिस दल में थाना प्रभारी माखन नगर मदनलाल पवार गिरीश त्रिपाठी थाना प्रभारी पिपरिया आदित्य सेन थाना प्रभारी स्टेशन रोड थाना पिपरिया एस आई अशोक बरबड़े सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र शुक्ला प्रधान आरक्षक अजय रघुवंशी आरक्षक सुनील उमरिया अर्जुन विश्वकर्मा साहब राव दुर्गेश गजेंद्र प्राइवेट चालक सौरव बंसल एवं आरक्षक नरेश मलिक की विशेष भूमिका रही।

## जिले भर में अब तक 1229.5 मिली मीटर वर्षा की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अब तक 1229.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1080.5 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 05 सितम्बर से 06 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 8.4 मिमी, सिवनीमालवा में 8.0 मिलीमीटर, इटारसी में 21.4 मिलीमीटर, माखननगर में 11.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 0.0 एवं तहसील डोलरिया 6.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 946.50 फीट है, तवा जलाशय का 1164.90 फीट है, बरगी जलाशय का 422.45 मीटर एवं बारना जलाशय 348.42 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

## शिक्षा और खेल दोनों में समझौता नहीं करना चाहिए, जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी बहुत महत्व है: पीयूष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बुधवाड़ा रोड स्थित डॉल्फिन स्पोर्ट्स एकेडमी में मध्य प्रदेश तैराकी संघ के पुनः नवनिर्वाचित अध्यक्ष पीयूष शर्मा का स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने बच्चों से कहा कि शिक्षा और खेल दोनों में समझौता नहीं करना चाहिए। जीवन में शिक्षा के साथ- साथ खेल का बहुत महत्व है। श्री शर्मा ने अन्य खेलों के साथ तैराकी की बारीकियों के विषय में चर्चा के साथ शिखर पर पहुंचे खिलाड़ियों के उदाहरण दिए।




अध्यक्ष पद की बात करते हुए कहा कि मेरी जिम्मेदारी और मेहनत बढ़ गई है और मैं प्रयास करूंगा कि बच्चों को बेहतर सुविधा मिले और वे अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर देश, प्रदेशऔर जिले का नाम रोशन करें।

उद्बोदन के वक्त भावुक हुए शर्मा । इस दौरान जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे और डॉ आर के माहेश्वरी ने कहा कि श्री शर्मा का अध्यक्ष निर्वाचित होना हमारे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, डॉ आर के माहेश्वरी, सी वी रमन कॉलेज के संचालक विवेक भदौरिया, अनुराग तिवारी, नीरज कैथवास ,प्राचार्य डॉ प्रिंस जैन,मार्तंड देशमुख, अरविंद उमरे ,गोपाल बरोनिया,सतीश मेहरा,मुकेश निगोटे, अशोक यादव , आलोक डेविड, अनिल दुबे,मोहन बामनिया, बैडमिंटन कोच चेतन सिंह , ध्रुव नागूसुमित वरमैया सतीश मेहरा अभिषेक कीर , प्रांशु परसाई, मनीष सोनी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आलोक राजपूत ने किया।

## कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद वितरण व्यवस्था के लिए 98 पैक्स सोसाइटियों की जांच की गई

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार गत दिवस जिले की 98 पैक्स सोसाइटियों के माध्यम से किसानों को परमिट पर उपलब्ध कराई गई खाद, वितरण व्यवस्था 20 बड़े कृषकों को खाद की जाँच सहकारी निरीक्षकों से कराई गई। सहकारी सोसाइटी के माध्यम से जिले में अभी तक खरीफ सीजन में 5220 मे.टन यूरिया, 1490 में.टन, डी ए पी 6330 मे.टन कॉम्प्लेक्स व 3600 मे. टन सुपर फास्फेट का भंडारण कराया जाकर 4400 मे. टन यूरिया, 688 में. टन डी ए पी 4800 मे. टन कॉम्प्लेक्स व 2500 मे. टन सुपर फास्फेट का कृषकों को वितरण किया गया है। इस प्रकार सहकारी सोसाइटियों में कुल उपलब्धता 16,700 मे. टन खाद में से 12,390 मे. टन खाद का वितरण कृषकों को परमिट पर शत प्रतिशत ब्याज पर ऋण के रूप में दिया गया है। समितियों से कृषकों को सामान्यतः 2 बोरी/एकड़/किसान के मान से खाद वितरण किया गया है। रेसलपुर समिति ने निम्नानुसार 2 बोरी/एकड़ के मान से यूरिया दिया गया है। 20 बड़े कृषकों की जांच में यह सही पाया गया। रेसलपुर समिति की जांच हितेश साहू सहकारी निरीक्षक द्वारा की गई। एस. एस.पगारे सहकारी निरीक्षक द्वारा सोहागपुर की नवलगांव, बारंगी, खपरिया समितियों में खाद वितरण की जांच की गई। जांच में खाद का कृषकों को नियमानुसार मात्रा में खाद दिया जाना पाया गया। शाखा प्रबंधक सोहागपुर द्वारा पैक्स नवलगांव, बारंगी में खाद का समायोजन नहीं किया गया जिससे पीओएस मशीन में स्टॉक दर्शित भी है। इस संबंध में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शाखा प्रबंधक के विरुद्ध विरुद्ध कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है।

## अध्ययन मंडलों की बैठक: भारत में विज्ञान की उज्जवल परंपरा और पंच परिवर्तन पर विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत देश में विज्ञान की अतीत बहुत ही समृद्ध और विस्तृत रहा है। धरती की उत्पत्ति की जो बात वर्तमान विज्ञान करता है, उस बिगबैंग थ्योरी की चर्चा हमारे ऋग्वेद में की गई है। यह बात वैचारिक संगठन प्रज्ञा प्रवाह के अध्ययन मंडल की मासिक विमर्श बैठक में प्रो रवि उपाध्याय ने पीएमश्री महाविद्यालय में कही।



उन्होंने कहा कि इसी प्रकार हमारे ग्रंथों में शनि की साढ़े साती दशा की बात कही गई है, आज इस बात को विज्ञान भी मान्यता दे रहा है। इतना समृद्ध विज्ञान होने के बाद भी बीच के समय में विदेशी षड्यंत्रों के चलते हमें हमारे ज्ञान से दूर किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1720 तक हमारे समाज में वायरस जनित बीमारियों के लिए वेक्सिनेशन की व्यवस्था थी। इसका उल्लेख एक अंग्रेज अफसर एडवर्ड जैनर ने अपने पत्रों में किया है। उसके पुत्र की जान भी उसी से बची थी। जबकि वर्तमान प्रथम वैक्सीन का आविष्कार ही 1798 में हुआ। इस बीच हमारे ज्ञान को खत्म किया गया।

हमें अपने ज्ञान का गौरव नहीं : प्रो मेहर स्थानीय होम साइंस कॉलेज में आयोजित बैठक में प्रो रामबाबू मेहर के भारत में ज्ञान की उज्ज्वल परम्परा कि चर्चा की।

बैठक में संतोष उपाध्याय ने भी अपने विचार रखे। बैठक में प्रज्ञा प्रवाह के विभाग संयोजक प्रमोद शर्मा, सह संयोजक रुचि खंडेलवाल सहित अन्य सदस्य और प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का किया पुष्पहार से स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी अल्प समय के लिए माखन नगर आए राधे लाजपत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला से उनका स्वागत किया इसके बाद पचौरी युवा नेता हर्षित गुरु के निवास पर पहुंचे वहां पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी अजीत सेठी मुकेश मालवीय पार्षद विशाल संकुल सिल्लू मालवीय साकेत सेनापत कैलाश भगोरिया कमलेश मिर्धा सुमित नामदेव बाबी महतो ने मुलाकात कर चर्चा की एवं श्री पचौरी का स्वागत किया।

## रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर अनदेखी से आमजन परेशान, जिम्मेदार बने बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोहागपुर नगर स्थित रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक दो का तल काफी नीचा है। जिसके कारण रेल यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने एवं उतरने में बहुत अधिक परेशानी होती है। लेकिन वर्षों से प्लेटफार्म को ऊंचा करने की मांग अभी भी लंबित है।

गत दिनों सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति संयोजक अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने उक्त स्थिति के वीडियो व तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा किये थे। जिसमें नजर आ रहा था कि रात्रि में एक बुजुर्ग महिला यात्री को ट्रेन से उतारने के लिए उनके परिजन बहुत परेशान हुए। शिवकुमार पटेल ने बताया कि प्लेटफार्म क्रमांक दो पर रेल यात्रियों को परेशानी होती है। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति सहित सोहागपुर जनकल्याण समिति की ओर से कई बार रेल अधिकारियों, सांसद, विधायक तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को प्लेटफार्म क्रमांक दो की ऊंचाई बढ़ाने तथा अन्य मांगों के संबंध में आवेदन दिए गए हैं।



अन्य मांगों में दोनों प्लेटफार्म पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने व टीनशेड की लंबाई बढ़ाने सहित सुरक्षा के लिए रेलवे पुलिस बल उपलब्ध कराने एवं कुछ आवश्यक ट्रेनों के स्थापेज की मांग शामिल हैं। वहीं लाडसपुरा रेलवे संपार गेट पर ओवर ब्रिज अथवा अंडर ब्रिज निर्माण की मांग भी नागरिक एवं स्थानीय संगठन लंबे समय से कर रहे हैं।

## पीयूष शर्मा फिर मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष नियुक्त किए




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र तैराकी संघ की वार्षिक साधारण सभा में पीयूष शर्मा को सर्वसम्मति से मप्र तैराकी संघ का अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम साईं कृष्णा रिसोर्ट, इटारसी में हुआ। सभा में प्रदेश भर के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

निर्वाचन में भारतीय तैराकी संघ के बलराज शर्मा एवं खेल एवं युवक कल्याण विभाग की उमा पटेल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। चुनाव प्रक्रिया का संचालन सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश डॉ. रमेश साहू ने किया। संघ के अन्य पदों पर सचिव जयकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष महेश सुराणा, दिलीप जोशी, लोकेंद्र सिंह राठौर, रामकुमार खिलरानी और रमेश व्यास चुने गए।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने प्रदेश में तैराकी के विकास की दिशा में आगामी प्रयासों की जानकारी दी और सभी तैराकों के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। आभार सचिव जयकुमार वर्मा ने किया।

### सेंसर तकनीकी का उपयोग कर बनाई नई-नई कलाकृतियां

## परंपरा और तकनीक से गणेश चतुर्थी पर बनाया स्प्रिंग डेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक अनूठा प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम स्थित स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने गणेश चतुर्थी पर ऐसा रोबोटिक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया जिसने परंपरा और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम दिखाया।

इस प्रोजेक्ट में तीनों मूषक सेंसर की मदद से आरती, शंख और घंटी बजाने की क्रियाएँ करते हैं। एक मूषक अपने हाथ से आरती की थाली घुमाता है, दूसरा शंख बजाता है और तीसरा घंटी बजाता है। आरती पूर्ण होने पर भगवान गणेश जी अपने हाथों से मूषक को मोदक (प्रसाद) देते हैं, जो भक्तों तक प्रसाद वितरण का भाव प्रकट करता है। इसके साथ-साथ बच्चों ने डेकोरेशन में भी ऑटोमेशन का प्रयोग किया। मंदिर के पास जैसे ही कोई दर्शन करने आता है तो लाइट अपने आप जल उठती है और अगर कोई ताली बजाता है तो फूलों में लगे एलईडी बल्ब जगमगा उठते हैं, जिससे फूल बेहद खूबसूरत दिखाई देते हैं।



स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुभाशीष चटर्जी का कहना है कि बच्चों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीक और रोबोटिक्स सीखना चाहिए। जिससे वे भविष्य में हर क्षेत्र में अग्रणी बन सकें। प्राचार्य मोना चटर्जी का विशेष योगदान है, जो विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान से जोड़ने के लिए प्रेरित करती हैं।इस रोबोटिक लैब का संचालन एटीएल इंचार्ज नितीश दुबे करते हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी समस्या समाधान और नवाचार के प्रोजेक्ट बना रहे हैं।

यह प्रोजेक्ट केवल एक धार्मिक प्रस्तुति नहीं है, बल्कि इस बात का उदाहरण है कि देश के हर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान तकनीक और नवाचार से संभव है। छोटे-छोटे विद्यार्थी, जो आज संस्कृति और तकनीक का यह संगम बना रहे हैं, वही कल देश की विज्ञान और नवाचार यात्रा को नई दिशा देंगे।

## पालकी जी की शोभायात्रा के साथ संपन्न होगा पर्यूषण पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जैन समाज के पर्यूषण पर्व की इस वर्ष की कड़ी सोमवार को पालकी जी की शोभायात्रा के साथ सोहागपुर नगर क्षेत्र में पूर्ण होगी। दशलक्षण पर्व के समापन अवसर पर नगर में परंपरा अनुसार जैन समाज द्वारा वृहद शोभायात्रा निकाली जाएगी। सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा की निकासी गौतम वार्ड निवासी कमलेश जैन, आशीष जैन व आतम जैन के निज निवास से होगी। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जैन समाज के चैत्यालय में पहुंचेगी, जहां विधिवत पूजन के साथ इस वर्ष के पर्यूषण पर्व का समापन होगा।

इधर शनिवार को भी चैत्यालय में परंपरा अनुसार पूजन करते हुए पर्यूषण पर्व का दिवसीय आयोजन किया गया। इस दौरान आरती के समय जैन समाज के नागरिक भाव होकर चैत्यालय में नृत्य करते नजर आए।



## खबर संक्षेप

### विद्युत पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक 8 को

**बैतूल।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ जिला शाखा बैतूल के अध्यक्ष रेवाराम वराठे ने जानकारी दी है कि संघ की मासिक बैठक इस बार नियमित तिथि के अनुसार पहले शनिवार को न होकर सोमवार, 8 सितंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन बैतूल वृत कार्यालय भवन के परिसर में स्थित दक्षिण संभाग के पुराने भवन में किया जाएगा। इस बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की जाएगी। साथ ही कंपनी द्वारा 5 लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार के लिए दी जा रही बीमा योजना की जानकारी भी संगठन के सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी। प्राप्त शिकायतों पर विचार कर संबंधित संभागीय कार्यालय से निराकरण संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

### 24 घंटे के दौरान 6.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 834.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 919.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 6 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 6.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की है।

### ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस

**बुधनी।** मुस्लिम समुदाय ने शुक्रवार को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी का पर्व धूमधाम और भाईचारे की भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर में जुलूस निकाला गया, जो रेलवे स्टेशन से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए माना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12,13 और 14 तक पहुंचा। जुलूस में मुस्लिम समाज के लोग धार्मिक झंडे,तिरंगा और नारे के साथ आगे बढ़े, वहीं हिंदू-मुस्लिम एकता का नज़ारा भी देखने को मिला कई हिंदू समाज के लोगों ने जुलूस में शामिल हुए और कौमी एकता की मिसाल पेश की। पुलिस प्रशासन के एसडीओपी,नगर निरीक्षक सहित कई कर्मियों ने व्यवस्था संभाली और वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया, जिससे यातायात सुचारू रखा।

महाआरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गाजे-बाजे से निकली झांकियां

# अगले बरस तू जल्दी आ, के जयकारों के साथ विदा हुए भगवान श्री गणेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ, जैसे जयघोष लगाते हुए शनिवार को भक्तों ने भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। प्रतिमाओं के विजर्सन का यह दौर सुबह से शुरू हो गया था और देर रात तक चलते रहा। इस दौरान प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन घाटों पर पुख्ता इंतजाम किए थे। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए गोताखोर और विशेष बल तैनात किया गया था। वहीं भक्त झांकी बनाकर भगवान गणेश की प्रतिमा को नाचते हुए विसर्जन घाट लेकर पहुंचे। भगवान गणेश को विदाई देते समय लोगों की आंखे भी नम हो गई। बच्चे-बड़े हाथ जोडकर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए। भक्तों ने भगवान गणेश को अगले बरस जल्दी आने का न्यौता भी दिया। अनंत चतुर्थी के अवसर पर सबसे ज्यादा खुशी बच्चो में दिख रही थी तो सबसे ज्यादा निराश भी बच्चे ही नजर आए।



#### अंतिम आरती में शामिल हुए भक्त

अनंत चतुर्थी पर विसर्जन पूर्व भगवान गणेश की आरती की गई। इस महाआरती में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर आरती का लाभ लिया। ढोलक-मंजीरे के साथ एक स्वर में सभी ने भगवान गणेश की वंदना करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों ने भगवान गणेश के सामने शीश नवाकर सद्बुद्धि, घर में सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अगले बरस जल्दी आने का न्यौता भी दिया। बच्चों के सबसे प्रिय भगवान गणेश के अंतिम दर्शन करने के लिए सडकों पर लोगों का तांता लगा रहा। शनिवार को नाचते हुए भक्तों ने झांकी निकाली। ट्रक एवं ट्रेक्टर-ट्रॉली पर झांकी बनाकर भक्तों ने गणेश प्रतिमाएं रखी। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम लगा रहा। झांकी के सामने बैंडबाजे की धून पर भक्त नाच रहे थे, तो वहीं मुक्तकंठ से लंबोदर भगवान के जयकारे लगा रहे थे। रंग-गुलाल उठाते हुए भगवान गणेश की प्रतिमा को भक्त विसर्जन स्थल की ओर पहुंचते रहे।

#### घाटों पर रही सुरक्षा व्यवस्था

प्रतिमा विसर्जन घाटों पर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। घाटों पर विशेष बल तैनात किया गया था तो वहीं किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए गोताखोर के इंतजाम भी किए गए थे। इसके अलावा शहर में भी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस का पहरा लगा हुआ था। जबकि कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे ताकि उपद्रवियों पर नजर रखी जाए। थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शहर में सुरक्षा व्यवस्था का लगातार जायजा लिया गया।

#### जोरदार जयकारें के साथ दी गणपति बप्पा को विदाई

**बैतूल।** भाजपा जिला कार्यालय विजय भवन काम्लेक्स में विराजित विघ्नहर्ता भगवान गणपति बप्पा को आज अनंत चर्तुदशी के सुअवसर पर जोरदार जयकारों के साथ धूमधाम से विदाई दी गई। दोपहर में पूजन आरती के पश्चात शुभ मूहुर्त में भगवान गणेश जी का विवेकानंद वार्ड स्थित माचना घाट फिल्टर प्लांट पर पहुंचकर विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार , पूर्व जिलाध्यक्ष वसंत बाबा माकोडे, आदित्य बबला शुक्ला, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, डा.महेन्द्रसिंह चौहान, उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे, आनंद प्रजापति, नरेश फाटे, कमलेश राठौर, पार्वती बारस्कर, आनंद प्रजापति, राजेश शर्मा, महेश राठौर, कैलाश धोटे आदि मौजूद थे।

## दीपावली और छट पूजा पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल



रेलवे ने दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन हुबली से रक्सौल के बीच 6 सितंबर से 27 दिसंबर तक चलेगी और कुल 17 फेरे लगाएगी। हुबली से रक्सौल जाने वाली ट्रेन संख्या 07357 हर शनिवार को चलेगी। यह धर्मावरम, येहलंका, सिकंदराबाद, नागपुर, आमला, बैतूल, इटारसी, जबलपुर और प्रयागराज होते हुए रक्सौल पहुंचेगी। नागपुर शाम 3.55 से 4.00 बजे, आमला शाम 6.28 से 6.30 बजे, बैतूल शाम 7.08 से 7.10 बजे, इटारसी पर रात 9.20 से 9.30 बजे पहुंचेगी। वहीं वापसी में ट्रेन संख्या 07358 रक्सौल से हुबली के लिए हर मंगलवार को चलेगी। यह ट्रेन 9 सितंबर से 30 दिसंबर तक चलेगी। ट्रेन इटारसी दोपहर करीब 3.40 से 3.50 बजे, बैतूल शाम 5.40 से 5.42 बजे, आमला शाम 6.00 से 6.02 बजे, नागपुर रात 8.55 से 9.05 बजे के बीच पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 23 कोच रहेंगे। इसमें 2 एसी-2, 5 एसी-3, 10 स्लीपर, 4 जनरल और 2 एसएलआर कोच शामिल होंगे। पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक अशोक कटारे ने बताया कि त्योहारों के दौरान यह ट्रेन यात्रियों को बड़ी राहत देगी।

निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाओं के साथ दी बधाई

## बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आमला

बैंक ऑफ इंडिया के 120वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आमला टाउन शाखा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राहकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और बैंक की निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से थाना प्रभारी राजेश सातनकर, आरपीएफ थाना उपनिरीक्षक शिवराम सिंह, बोडख़ी चौकी प्रभारी अमित पवार, डॉ. बी पी चौरिया पूर्व बीएमओ तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे। वहीं बैंक स्टाफ से श्रीमती प्रीति, दीक्षा, गायत्री, मनोज, अभिलाष, कैशियर बाबू राजेश एवं सनी चौहान की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का सफल आयोजन बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ मनोज वाधवा द्वारा किया गया। अतिथियों ने बैंक की सेवाओं की सराहना करते हुए इसे समाज की आर्थिक प्रगति का आधार बताया। ग्राहकों को नई योजनाओं और डिजिटल सुविधाओं की जानकारी दी गई। बैंक परिवार ने गणमान्य अतिथियों, ग्राहकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में और अधिक समर्पण भाव से सेवा करने का संकल्प लिया।

शॉल-श्रीफल देकर किया शिक्षकों का सम्मान

## अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस






**बैतूल।** बीआर अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जंयती के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएच कालेज की प्रो. डॉ. अलका पांडे एवं विशेष अतिथि प्रो. डॉ. एसडी डोगरे तथा श्रीमती सुशीलादेवी अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं डॉ. राधाकृष्णन की फोटो पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. पाण्डे द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षकों के आदर्शो पर विस्तृत चर्चा कर प्रकृति को सबसे बडा शिक्षक बताया। प्रो. डॉ. डोंगरे ने शिक्षक की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। बीआरए कालेज के प्राचार्य डॉ. देशमुख ने कहा कि शिक्षक विकास की धुरी है एवं शिक्षा संस्कार युक्त होना चाहिए, विषय पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्रबंधन समिति संचालक इंजी. धुरवप्रकाश अग्रवाल एवं मोहन अग्रवाल द्वारा श्रीराम फार्मेसी कालेज की प्राचार्य श्रीमती रोशनी खातरकर एवं बीएड कालेज के प्राचार्य डॉ. जीडी देशमुख तथा दोनो कालेज के समस्त स्टाफ का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

## आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 84 ग्राम के प्रतिभागियों को किया प्रशिक्षित, होगी समीक्षा

**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के अन्तर्गत बैतूल जिले में जनपद स्तरीय ब्लाक प्रोसेस लैब का आयोजन 1 सितंबर से 16 सितंबर तक सभी 10 जनपद पंचायतों के चयनित 554 ग्रामों में प्रारम्भ है। इसमें ब्लाक स्तरीय मास्टर टेनर्स द्वारा चयनित प्रत्येक गांव से ग्राम केडर के प्रतिभागियों को 2 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षित किया जाएगा। अभियान के तहत 5 और से 6 सितंबर को दो दिवसीय जिले के चयनित 554 ग्रामों में से 84 ग्राम के जिसमें जामदेहीकला, कान्हेगांव, हरदोली, धाबा, डेडवाकुण्ड, गदराझिरी, माजरवानी एवं बोरपेड आदि सभी 10 जनपद पंचायतों के ग्रामों के प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण उपरांत चयनित ग्रामों में जाकर अभियान के संबंध में ग्रामवासियों को जानकारी प्रदान करेंगे तथा 4 बैठकों के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी द्वारा गांव का सामाजिक एवं संसाधन मानचित्रण, ट्रांजेक्ट वॉक, गांव का विजन प्लान का निर्माण कर ग्राम सभा में अनुमोदन करवाएंगे। इसके अलावा चयनित प्रत्येक गांव में सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इसके बाद चयनित प्रत्येक गांव में सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी। यह प्रशिक्षण ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की 44 टीमों द्वारा 16 सितंबर तक अलग-अलग ग्रामों के केडर को प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा सभी जनपद पंचायत में आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा की जाएगी।



## वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे पर बैतूल में सेमिनार आज

छत्रपति शिवाजी ऑडिटोरियम में पुरुष मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करेंगे डॉ. संदीप गोहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस (वल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे) के अवसर पर बैतूल में आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर आज रविवार, 7 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज ओपन ऑडिटोरियम में विशेष सेमिनार होगा।

यह सेमिनार प्रख्यात मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता और मेन्स राइट्स एक्टिविस्ट डॉ. संदीप गोहे तथा संस्था एसआईएफ बैतूल (सेव इंडियन फैमिली बैतूल) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एसआईएफ बैतूल जिले की एकमात्र स्थानीय संस्था है जो पुरुष अधिकार और मानसिक स्वास्थ्य पर काम कर रही है। संस्था लगातार संवाद और जागरूकता की दिशा में विशेष प्रयास कर रही है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब एसआईएफ बैतूल ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जिले में इस तरह का आयोजन किया है। एसआईएफ बैतूल उन पुरुषों को कानूनी और मानसिक सहयोग भी प्रदान करती है, जो महिलाओं द्वारा लगाए गए झूठे और फर्जी मामलों में उलझ जाते हैं। संस्था का कहना है कि ऐसे मामलों के कारण कई पुरुष गंभीर मानसिक तनाव और अवसाद का शिकार होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर हो जाते हैं।

**आत्महत्या आज समाज की सबसे गंभीर समस्या** :संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप गोहे ने कहा कि आत्महत्या आज समाज की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है और विशेष रूप से पुरुषों में इसका ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। बैतूल जिले में भी कई मामले सामने आ रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य पर समाज में चर्चा नहीं होती। पारिवारिक दबाव, मानसिक तनाव और झूठे मुकदमों का बोझ पुरुषों को तोड़ देता है। उन्होंने आगे कहा कि यदि समय रहते संवाद, सहयोग और सही मार्गदर्शन मिले तो आत्महत्या जैसी दुखद घटनाओं को रोका जा सकता है। हर जीवन मूल्यवान है और हर मन की सुनवाई जरूरी है। डॉ गोहे ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य समाज में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना, आत्महत्या रोकथाम पर संवाद शुरू करना और परिवार व समाज को सहयोगी वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करना है।

बैतूल थाना कार्रवाई में सर्वश्रेष्ठ रहा, अनुचित ढंग से प्रयोग व गंदगी करने वालों पर सख्ती

# आरपीएफ कोर्ट ने 276 लोगों से साढ़े 3 लाख से अधिक जुर्माना किया वसूल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) थाना बैतूल ने रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे कोर्ट भोपाल का शिविर लगाकर 276 व्यक्तियों से 3 लाख 43 हजार 385 रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। जिसमें 153 व्यक्तियों से सर्वाधिक 1 लाख 80 हजार रुपए से अधिक की राशि जमा कराई गई। बैतूल थाना इस कार्रवाई में सर्वश्रेष्ठ रहा। कोर्ट शिविर में बैतूल के अलावा भोपाल, नर्मदापुरम, हरदा, इटारसी आमला,और जुन्नारदेव आरपीएफ थानों के मामलों का निपटारा किया गया।

उक्त कार्यवाही मध्य रेलवे नागपुर के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त मनोज कुमार के निर्देशन और सहायक सुरक्षा आयुक्त श्रीकुमार कुरूप के मार्गदर्शन में की गई। आरपीएफ बैतूल थाना प्रभारी राजेश बनकर ने आज शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे कोर्ट भोपाल के न्यायाधीश अनुराग खरे की विशेष उपस्थिति में आरपीएफ थाना बैरक के सामने कोर्ट शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आरपीएफ थाना बैतूल द्वारा रेलवे परिसर में अवैध रूप से प्रवेश करने, अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचने, महिला यात्री डिब्बे में प्रवेश करने, दिव्यांग यात्री डिब्बे में प्रवेश करने, फुटबोर्ड पर यात्रा करने, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने तथा रेलवे परिसर में गंदगी फैलाने पर रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सर्वाधिक 153 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर 1 लाख 80 हजार 485 रुपए का जुर्माना वसूला गया। शिविर में 276 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3 लाख 43 हजार 385 रुपए का जुर्माना वसूला गया। बैतूल थाना कार्रवाई में सर्वश्रेष्ठ रहा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश बनकर, उप निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, उप निरीक्षक सचिन सोनुले, सहायक उप निरीक्षक डी.के. देशमुख, सहायक उप निरीक्षक डी.के गौतम, सोबरन सिंह, सुभाष मीणा, फराह खान, मदन लाल कुलवंत, मंजीत, बोसिन्द्रे एवं धर्मेंद्र का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने रेलवे नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय की कार्यवाही रीडर भोज कुमार कीर एवं न्यायालय स्टाफ द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की गई। आरपीएफ थाना प्रभारी राजेश बनकर ने सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे रेलवे नियमों का कड़ाई से पालन करें तथा फुटबोर्ड पर बैठकर यात्रा न करें, बिना प्राधिकार पत्र के रेलवे परिसर में प्रवेश नही करें, बिना उचित कारण के डेंजर चेन नही खींचें, दिव्यांगों एवं महिलाओं के लिए बने कोच में नहीं बैठें तथा किसी भी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की चीजें लेने से बचे।



## धोखाधड़ी कर खरीदी 6 बाइक, दो आरोपी धराए पाथाखेड़ा पुलिस ने 6.50 लाख की बाइक बरामद

**सारनी।** पाथाखेड़ा पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 6.50 लाख रुपए की 6 बाइक बरामद की हैं। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 22 जुलाई को गजानंद साहू ने पाथाखेड़ा चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी बंडु घाघरे ने उसकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 48 जेडडी 2445 सहित अन्य पांच व्यक्तियों की मोटरसाइकिलें खरीदने के नाम पर विश्वासघात कर धोखाधड़ी से हड़प ली हैं। फरियाद की शिकायत पर पुलिस ने धारा 316(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान 6 मोटरसाइकिलें जब्त की गई। आरोपी ने स्वीकार किया कि एक मोटरसाइकिल उसने सह आरोपी बाबूलाल चरढे को दे दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की। मामले में विस्तृत विवेचना प्रचलित है। बरामद की गई बाइक के मालिक दिनेश साहू, कुनाल कैथवास, राजा खबसे, मुकेश बाईकर, दुर्गेश चौरे और गजानंद साहू हैं। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इवनाती, उप निरीक्षक वंशज श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह टेकाम, मनोज डेहरिया, आरक्षक राकेश कारपे, सुभाष मण्डलोई, रविमोहन दर्शिमा, अनुज यादव, सैनिक सुभाष, हीरा, उर्मिला, साइबर सेल बैतूल से आरक्षक राजेंद्र धाडसे, दीपेंद्र सिंह, बलराम की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस ने तीन गो तस्करों को पकड़ा 12 मवेशियों को गोशाला भेजा

*बैतूल। आठनेर पुलिस ने महाराष्ट्र में कत्लखाने ले जाए जा रहे 12 गोवंश को बचाया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग गोवंश को रस्सियों से बांधकर महाराष्ट्र ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम नयेगांव चौराहा पहुंची। सुबह 5 बजे टीम ने मनोज वाडिवा, सन्नू उइके और रामरतन इवने को पकड़ा। तीनों आरोपी पातरा गांव के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने मवेशियों को महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जाने की बात स्वीकार की। उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने 1.80 लाख रुपए कीमत के 12 बैलों को जब्त कर लिया। सभी मवेशियों को पारसडोह गोशाला में भेजा गया है। आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, पशु कृषि उपयोगी संरक्षण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना समेत पूरी टीम का योगदान रहा। बैतूल के पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने लोगों से अपील की है कि गोवंश की अवैध तस्करी और पशु क्रूरता की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि ऐसी सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।*



### वार्षिक आमसभा एवं सम्मान समारोह 7 को

**बैतूल।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी स्व सहायता सहकारी साख समिति मर्यादित बैतूल की वार्षिक साधारण सभा आज रविवार 7 सितंबर को दोपहर 1 बजे मप्र. मक्षेविविकं. लिमिटेड बैतूल दक्षिण संभाग, लिंक रोड टिकारी बैतूल में आयोजित की जा रही है। साधारण सभा में समिति के वर्ष 2024- 25 के आय व्यय एवं स्थिति विवरण पत्र को पर विचार विमर्श, आगामी वर्ष के लिए क्रियाकलापों पर विचार, आगामी सहकारी वर्ष के लिए बजट प्रस्तुत करने बाबत, संपरीक्षा रिपोर्ट वर्ष 2023 /24 पर विचार करने बाबत, अन्य विषय उपविधि के अनुसार, शुद्ध लाभ के व्ययन बाबत, समिति के उपविधि संशोधन करने बाबत विचार किया जाएगा। वार्षिक आमसभा में कर्मचारियों के पुत्र एवं पुत्रियों के कक्षा आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान बच्चों का सम्मान एवं सेवानिवृत्तों का सम्मान होगा। अध्यक्ष संतोष कुमार शिंदे ने सभी से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## पिता की स्मृति में वर्मा परिवार ने वरिष्ठ शिक्षकों का किया सम्मान




**माखन नगर।** शिक्षक स्वर्गीय नर्मदा प्रसाद वर्मा की स्मृति में विगत 5 वर्षों से उनके पुत्र और वर्मा परिवार शिक्षक दिवस पर नगर के सेवानिवृत्त शिक्षकों का समारोह पूर्वक सम्मान करते आ रहा है शुक्रवार को पुनः शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर के सेवानिवृत शिक्षक अवध नारायण द्विवेदी राजेंद्र दीवान शिव कुमार दुबे रामस्वरूप दुबे मदन लाल मेहरा महेश चंद्र वर्मा रमेश जी पचोरी ध्रुव तिवारी तिजोरी लाल यादव बालकृष्ण चौहान प्रदीप मिश्रा अनूप मिश्रा अरुण ताम्रकार का शाल श्रीफल से सम्मान किया शिक्षकों ने अपने शिक्षकिय जीवन की संस्मरण सुनाए इस अवसर पर पर वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र सिंघई का भी सम्मान किया गया वहीं नवागत टी आई मदनलाल पवार कार्यक्रम में शामिल हुए उन्होंने गुरुजनों का सम्मान किया एवं वर्मा परिवार ने थाना प्रभारी पवार का भी सम्मान किया इस अवसर पर लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष सेनानी परिवार के दीपक वर्मा संजय वर्मा राजेंद्र बडगूजर नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष और पदाधिकारी मौजूद रहे स्वर्गीय नर्मदा प्रसाद वर्मा के सुपुत्र गिरीश वर्मा ने सभी गुरुजनों का एवं कार्यक्रम में शामिल नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

### नई लेबोरेटरी का भवन बनकर तैयार, ना जाने कब होगा हैंडओवर..??

# अस्पताल की लेबोरेटरी में बरसाती पानी का सीपेज, खराब हो रहे हैं उपकरण

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन की लेबोरेट्री कक्ष की छत बरसाती पानी से काफी गीली हो चुकी है। तथा सीपेज के कारण लेबोरेट्री के लाखों रुपए के उपकरण खराब हो रहे हैं।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन की लेबोरेट्री कक्ष की छत बरसाती पानी से काफी गीली हो चुकी है। तथा सीपेज के कारण लेबोरेट्री के लाखों रुपए के उपकरण खराब हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नया लेबोरेट्री भवन बन चुका है, लेकिन यह अभी तक स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर नहीं किया जा सका है।

लेबोरेट्री में कार्यरत टेक्निशियन्स ने बताया कि कक्ष की छत पर बरसात का पानी बहुत अधिक मात्रा में जमा हो गया है। तथा पानी का सीपेज अब लेबोरेट्री के उपकरणों पर हो रहा है। जिसके कारण लाखों रुपए के उपकरण खराब हो रहे हैं। वही विभिन्न स्वास्थ्य जांचों के कार्य में भी बाधा हो रही है। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर शासकीय अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से तथा अनुबंधित राज्य स्तरीय लैबोरेट्री एजेंसी की ओर से स्वास्थ्य संबंधी लगभग 50 जांचें की जाती हैं। इन जाचों के लिए महंगे उपकरण लेबोरेटरी में उपलब्ध हैं। लेकिन ये सभी उपकरण छत से पानी के सीपेज के कारण गीले हो रहे हैं। जिसके कारण भविष्य में ये जांचें प्रभावित हो सकती हैं। मामले में नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि उपकरणों के खराब होने की समस्या के पूर्व उचित समाधान किया जाए।

**नया भवन बनकर तैयार**

जानकारी अनुसार शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के समीप ही लेबोरेट्री का नया भवन बनकर तैयार है। लेकिन यह भवन अभी तक स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर नहीं किया जा सका है। यदि यह भवन शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित हो जाता है, तो पुराने भवन के एक छोटे से कक्ष में संचालित लेबोरेट्री में होने वाली जांचों की उचित व्यवस्था बन सकती है। क्योंकि नए भवन में पर्याप्त स्थल है तथा भूतल पर लेबोरेट्री संचालित होगी। जिसके कारण सीपेज जैसी समस्या नहीं बनेगी। वहीं मरीजों को बैठने के लिए भी पर्याप्त स्थल उपलब्ध हो सकता है। लेकिन लाखों रुपए से निर्मित लेबोरेट्री का नया भवन अभी तक स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया जा सका है।

## महिलाओं ने दिखाई सक्रियता अवैध शराब की खेप पकड़ी

### 9 पेटी देसी और विदेशी मदिरा हुई बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

ग्राम पंचायत बाबरी में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात बगई माता मंदिर परिसर में आयोजित रामसत्ता और रात्रि जागरण के दौरान एक बड़ा मामला सामने आया। धार्मिक कार्यक्रम में भजन-कीर्तन में शामिल महिलाओं ने सतर्कता दिखाते हुए एक बिना नंबर की संदिग्ध बोलेरो वाहन को रोक लिया।

जब ग्रामीणों ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें से 9 पेटी देसी और विदेशी शराब बरामद हुई। बताया जा रहा है कि यह शराब गांव में सप्लाई करने के लिए लाई जा रही थी। महिलाओं ने आरोपी को वाहन से उतारकर वहीं रोक लिया और तुरंत शिवपुर थाना पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विवेक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया, बोलेरो वाहन और शराब की पेटियां जब्त कर लीं तथा आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया।

ग्राम की महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि गांव में अवैध शराब का कारोबार रोकना उनकी धार्मिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में सक्रिय अवैध शराब माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं, गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने महिलाओं की सतर्कता और साहस की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास से ही यह अवैध शराब की खेप पकड़ी जा सकी।

## शिक्षक दिवस पर विपिन जोशी स्मारक समिति ने किया 40 शिक्षकों का सम्मान

### पद प्रक्षालन एवं महाआरती ने बांधा समां, , शिक्षाविद, समाजसेवी अनंत गंगोला सरस्वती पुत्र सम्मान से नवाजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर पत्रकार एवं समाजसेवी प्रमोद पगारे द्वारा संस्थापित एवं प्रवर्तित विपिन जोशी स्मारक समिति ने मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के कुल 40 शिक्षकों और गुरुओं के पग पखारकर सम्मान किया। इस बार 41वें वर्ष में 40 शिक्षकों का सम्मान किया है।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध अभिनेता राजीव वर्मा उपस्थित रहे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष राजौरिया भोपाल, मुख्य वक्ता डॉ अनंत गंगोला एवं विशिष्ट अतिथि प्रतिभा विजय दुबे (काकू भाई), पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष अरविंद मालवीय, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे। आयोजन में अतिथियों ने विपिन जोशी स्मारक समिति के सदस्यों के साथ मिलकर शिक्षकों की महाआरती कर पद प्रक्षालन किया और ट्रॉफी, शॉल-श्रीफल, सम्मान पत्र एवं चलित ट्राफी देकर उन्हें सम्मानित किया।

**सर्वोच्च पुरस्कार से नवाजे गए अनंत गंगोला**

संस्था का सर्वोच्च सम्मान संस्थापक प्रमोद पगारे द्वारा स्थापित सरस्वती पुत्र सम्मान अनंत गंगोला अहमदाबाद को प्रदान किया गया। श्री गंगोला समाजशिक्षा और आदिवासी जनों के सशक्तीकरण के लिए प्रतीक के रूप में पहचाने जाते हैं। जिसके लिए उन्हें इस वर्ष सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है।

उनके साथ ही सम्मानित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वस्ति वाचन के साथ ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया।

अतिथि राजीव वर्मा ने अपने उद्बोधन दिया। अति विशिष्ट अतिथि मनीष राजौरिया, मुख्य वक्ता के रूप में अनंत गंगोला ने शिक्षकों एवं नागरिकों से संवाद किया। साथ ही अरविंद मालवीय एवं शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने भी संबोधित किया।

**ऐसा सम्मान कहीं नहीं**

संस्थापक, संरक्षक प्रमोद पगारे ने कहा शिक्षक सम्मान आपको हर जगह देखने को मिलेगा, लेकिन शिक्षकों का पद प्रक्षालन और महाआरती कर सम्मान केवल विपिन जोशी स्मारक समिति के कार्यक्रम में ही मिलेगा। अध्यक्ष अधिवक्ता रमेश के साहू ने कहा हमारी संस्था 41 साल से राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह करती आ रही है। देश, प्रदेश व जिले के विशेष योग्यता एवं प्रतिभा रखने वाले शिक्षकों का चयन किया जाता है। समिति की ओर से दिवंगत पूर्व उपग्रह मंत्री मप्र शासन एवं आयोजन के कई वर्षों तक स्थाई अतिथि रहे स्व विजय दुबे (काकू भाई) को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संतोष सरवरिया ने कहा कि यह शिक्षकों का सम्मान नहीं बल्कि उनके जीवन में दिये जाने वाले ज्ञान के प्रति कृतज्ञता है। समारोह को समिति सचिव विनीत चौकसे ने भी संबोधित किया। समिति में संतोष सरवरिया, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, शरद गुप्ता, चन्द्रप्रभा ठाकुर, सुधीर गोठी, मेघराज राठी, समिति के शरद गुप्ता, संतोष अग्रवाल, राजेश दुबे, पंकज राठौर, नीलेश जैन, अशोक मालवीय, अजय चोकसे, दर्शन तिवारी, केके सोनी, गोल्डी साहू, पं. आलोक शुक्ला, संजय साहू, हरीश अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल बब्लू, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, मंजू ठाकुर, अनुशा शर्मा, निशा साहू, नटवर पटैल, मनोज सारंग सहित अन्य का विशेष योगदान रहा। लायंस क्लब के पूर्व गर्वनर अनिल झा ने संचालन का दायित्व निभाया। आयोजन के प्रारंभ में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति स्वर मालिका म्यूजिक क्लास, इटारसी के शिष्यों द्वारा दी गई वहीं पंडित सरवन नगाइच के सानिध्य में स्वस्ति वाचन संपन्न हुआ।

## चौकाघाट नर्मदा में किया गया गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर एवं आसपास के ग्रामों में गणेश उत्सव बड़े उत्साह से मनाया शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर श्री गणेश को विसर्जन करने के लिए नर्मदा नदी चौकाघाट समिति के लोग अलग-अलग साधन से प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले गए एवं प्रशासन द्वारा नर्मदा नदी में बनाए गए कृत्रिम कुंड में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया प्रशासन गणेश प्रतिमाओ के सुरक्षित विसर्जन के लिए पुलिस राजस्व एवं ग्राम पंचायत के सचिव कोटवार अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे शाम के समय एसडीएम नीता कोरी ने घाट पर जाकर विसर्जन व्यवस्था देखी श्रद्धालु देर शाम तक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करते रहे।

## अनंत चतुर्दशी चल समारोह संपन्न



**माखन नगर।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर माखन नगर, में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ चल समारोह निकाला गया। इस चल समारोह में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएँ एवं बच्चे सम्मिलित हुए। जुलूस स्थानीय श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर, मंगलवारा बाजार पहुँचा।

वहाँ पर शांति धारा, पूजन एवं अभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इसी अवसर पर शनिवार को 1008 भगवान वासुपूज्य जी के मोक्ष कल्याण दिवस के उपलक्ष्य में भक्तों द्वारा निर्वाण लाडू भी चढ़ाए गए। चल समारोह के दौरान पूरे नगर का वातावरण धर्ममय बना रहा। रविवार को प्रातः 8 बजे से कलसाभिषेक शांति धारा एवं नित्य नियम पूजन तथा क्षमा वाणी का कार्यक्रम स्थानीय श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर जी में संपन्न होगा।

## सर्वोदय विदयापीठ हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस, हुआ शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 5 सितंबर 2025को भारतके प्रथम राषटरपति की शिक्षक को राधाकृष्णन सर्वपल्ली का जन्मदिन शिक्षकदिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिनसभी शिक्षण संस्थाओंके शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। विगत वर्षों में नगर पालिका परिषदके द्वारा शिक्षक दिवस मनाया जाता था। लेकिन लंबे समय जो नही मनाया गया है। तभीसे अपने ही स्कूलोंमें शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्रा मनानेकी परिपाटी को बढाते हुए सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया बच्चोंने शिक्षक शिक्षिकाओंका सम्मान किया गया और क्यों लगाकर स्मृतिचिन्ह भेंटकिए गए। संस्था प्रमुख आनंद प्रकाश शर्मा ने अपने उद्बोधन में शिक्षक और गुरु की परंपरा को बौद्धिक सामान्य बताया इसके महत्व में भिन्नता भी मौजूद है ब्रह्मांडईशवरीय शक्तिहै। गुरुसाथी गुरु क्यों की प्रधान तत्व से पहचान पता है। शिक्षक आजवरतमान की को शिक्षा पद्धति और उसकी आवश्यकता है शिक्षक आज जीवन मूल और जीवन शैलीपप्राथमिकता को ज्ञान के रूप मे छात्रों को बताता है कि क्यों को शिक्षक मुकेश पुरोहित प्रधानाचार्य अंजू जाटव प्रभारी प्राचार्य आशीषसवामी वेदप्रकाश व्यास ने अपनी बात रखी तथा इस अवसर पर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

## सांदिपनि स्कूल में भी मना शिक्षक दिवस

पिपरिया संदीपनिविदयालय परिसर में सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णनकी जयंती प्रशिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया स्वर्गीय मदनलाल गुप्ता स्मृति न्यास द्वारा विद्यालयकी कक्षा 10वी के छात्र अनुज विश्वकर्माको आदर्श छात्र सम्मान से सम्मानितकिया गया। प्राथमिकविभाग मैं पदस्थ शिक्षिकामायाबिजौरीया



को भी सम्मानित किया गया आदर्श शिक्षक समारोह सम्मानसे तथा आरएनए स्कूल की प्राचार्य स्वर्गीयअलपना श्रीवास्तव की स्मृतिमे परिवार जनों के द्वारा कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली कुमकुम कहार को प्रशस्ति पत्र तथा प्रतीक चिन्ह के साथ1100 रूपेश सम्मान राशि प्रदान की गई। सभीशिक्षकों डायरी पेन प्रधानकिए गए।शिक्षिका मेघा वर्मा को भी सम्मानित किया गया। स्वर्गीय मदनगुपता न्यास के द्वारा सभी शिक्षकोसम्मानित किया गया इस दौरान स्कूलके सेवानिवृत्तिशिक्षक एलएन श्रीवास्तव आरके ठाकुर सरस्वती गुप्ता विजय श्रीवास्तव तथा प्राचार्य संजीव दुबे उपस्थित रहे संचालन एवं आभार शिक्षक मनीष जैनके द्वारा किया गया श्री राम गुप्ता सत्येंद्र भदोरिया राजकिशोर पटेल यामिनी पटेल पीएन दुबे सभीशिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्र उपस्थित रहे। 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर इस वर्ष ऐड होने के कारण 4 सितंबर कोही स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया।

## भारत उदय गुरुकुल गूजरवाड़ा में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखन नगर जिला नर्मदापुरम एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल बाबई माखननगर के संयुक्त तत्वावधान में भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर शिक्षकों का सम्मान किया गया जिसमें नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव ने सर्वप्रथम सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की प्रतिमा का पूजन कर शिक्षक दिवस के संबंध में अतिथियों तथा बच्चों को अपने विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर लायंस क्लब माखन नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, लायन सुरेश अग्रवाल, लायन दीपक वर्मा, लायन देवी सिंह राजपूत, लायन संजय वर्मा, लायनअजीत सेठी, लायन राजेश मीना, हर्ष तिवारी बछवाड़ा, मुकेश वर्मा बागरा,वरिष्ठ शिक्षक मनोहर लाल दुबे, पीएम श्री बागरा तवा संकुल प्राचार्य विकेश सिंह राजपूत, विजय शंकर यादव, कैलाश दुबे, राममोहन यादव, मनोज यादव कोषाध्यक्ष, मनोज परसाई सचिव, सुरेश यादव परामर्शदाता, सतीश यादव प्रदीप यादव चंद्र मोहन यादव रीता नीतिराज सिंह यादव यशोदा यादव वैशाली चौरे रक्षा यादव पायल यादव वीरेंद्र यादव भारत उदय गुरुकुल के विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। सभी का आभार वरिष्ठ शिक्षक मनोहर लाल दुबे ने किया।

### पचमढ़ी, सोहागपुर सहित समूचे नर्मदांचल में हर्षोल्लास से हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, देर रात तक चला सिलसिला

# भक्तों ने बप्पा को नम आंखो से दी विदाई, अगले बरस जल्दी आने का लिया वायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर






श्री गणेशोत्सव शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर संपन्न हुआ तथा स्थापित की गई श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन विधिवत हवन व पूजन उपरांत किया गया। सार्वजनिक समितियों द्वारा स्थापित बड़ी प्रतिमाएं विसर्जन के लिए नर्मदा घाटों पर ले जाई गईं।

वहीं सोहागपुर नगर परिषद की ओर से भी पलकमती नदी में कुछ स्थल चिन्हित कर कृत्रिम कुंड बनाए गए थे। जिनमें प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान नपाधिकारी तथा कर्मचारी जन सुरक्षार्थ कृत्रिम कुंड स्थलों पर उपस्थित रहे। बड़ी प्रतिमाओं की विदाई शोभायात्राएं भी नगर के विभिन्न क्षेत्रों से निकाली गईं। तथा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी सार्वजनिक क्षेत्रों व मार्गों पर तैनात रहे।

**किया घर में विसर्जन**

कई घरों में श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। जिनमें से अधिकतर प्रतिमाओं का विसर्जन घर में ही बर्तनों में किया गया। कई लोगों ने घर के बगीचों में श्री गणेश भगवान की छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया। वहीं कुछ लोगों ने बाल्टी, टब व अन्य पात्रों में श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। प्रशासन की ओर से भी इस वर्ष श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर संदेश प्रसारित किए गए थे। ताकि लोग सुरक्षित रहें।

### पचमढ़ी में गणेशोत्सव रहा अविस्मरणीय, भक्तों ने गणेश आराधना के बाद दिया विराम, हर्षोल्लास से किया विसर्जन





पचमढ़ी। सतपुड़ा की रानी, पचमढ़ी में इस वर्ष गणेश विसर्जन का उत्सव एक अविस्मरणीय और भव्य आयोजन साबित हुआ। शहर के प्रमुख विसर्जन स्थल पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए, जिन्होंने 'गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष के साथ अपने प्रिय भगवान को भावभीनी विदाई दी। पचमढ़ी के प्रमुख पंडालों और घरों से निकली झांकियां शहर की सड़कों पर शोभायात्रा के रूप में निकलीं। इन शोभायात्राओं में रंग-बिरंगी रोशनी, मधुर संगीत और गणपति बप्पा के भक्तिमय भजनों ने एक अद्भुत और आध्यात्मिक माहौल बना दिया था। युवा और बुजुर्ग, स्त्री-पुरुष सभी ने इस धार्मिक उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विसर्जन के लिए निर्धारित स्थल पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। दोपहर होते-होते यह भीड़ अपने चरम पर पहुंच गई। भक्तों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और फिर गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया। इस दौरान वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय और ऊर्जा से भरा हुआ था। एसडीएम पिपरिया इस अनीशा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय प्रशासन, पुलिस और स्वयंसेवकों की टीमों ने मिलकर व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखा। विसर्जन स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विशेष ध्यान रखा गया था। ट्रैफिक व्यवस्था को भी नियंत्रित किया गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय थाना प्रभारी अनूप कुमार एक एवं थाना स्टाफ तथा प्रशासन ने भक्तों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए थे। पानी के टैंकर, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं और शौचालय की व्यवस्था भी की गई थी।

**खबर संक्षेप**

### मजदूर को करंट लगा बिजली आफिस में हंगामा

**हरदा।** टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम चारखेड़ा में शुक्रवार दोपहर एक बजे एक बिजली कर्मी को करंट लग गया। टीटी नगर में डीपी में सुधार काम चल के दौरान 17 साल के भीम पासी को करंट लग गया। करंट का झटका लगते ही वही डीपी से नीचे गिर गया। घायल मजदूर को उसके पिता जिला अस्पताल ले गए। घटना के बाद बिहार और यूपी के मजदूरों ने बिजली कंपनी के ऑफिस में तोड़फोड़ की। उन्होंने ऑपरेटर रोहित यादव की पिटाई भी कर दी। घायल ऑपरेटर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मजदूरों का आरोप है कि परमिट होने के बावजूद लाइनमैन ने बिजली सप्लाई चालू कर दी। इससे भीम को करंट लगा। मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम कर रहे थे। बिजली कंपनी के अधिकारी रिफ्लेक्शन से करंट लगने की बात कर रहे हैं। टिमरनी थाना प्रभारी सुभाष दरश्यामकर ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष से कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लोक अदालत का आयोजन 13 को

**हरदा।** जिले में लंबित तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, हरदा तथा तहसील न्यायालय, टिमरनी और खिरकिया में किया जावेगा। नोडल अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, चोरी के मामलों को छोडकर विद्युत एवं जलकर बिल संबंधी प्रकरण, सेवा मामलों जो सेवा निवृत्ति संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व प्रकरण, दिवानी मामले तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

### 24 घंटों में जिले में 14.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 14.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 9.4 मि.मी., टिमरनी में 10.2 मि.मी., खिरकिया में 24.2 मि.मी., सिराली में 13.8 मि.मी. तथा रहटगांव में 17.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1015.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 894.1 मि.मी., टिमरनी में 1169.3 मि.मी., खिरकिया में 1039.7 मि.मी., सिराली में 1033.1 तथा रहटगांव में 942 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष की 6 सितम्बर तक 926.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

प्रतिमाओं का विसर्जन नदियों की बजाय अजनाल नदी के तट पर विशेष कुंड में किया

# गणपति बप्पा को विदाई दी, श्रद्धालुओं ने झांकियां और शोभायात्राएं निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



गणेशोत्सव के समापन पर शनिवार को हरदा में गणपति बप्पा को विदाई दी गई। सुबह से ही घरों और सार्वजनिक पांडालों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो गया, जो देर रात तक चलता रहेगा। इस बार प्रतिमाओं का विसर्जन नदियों की बजाय अजनाल नदी के तट पर बनाए गए विशेष कुंड में किया गया। नगर पालिका ने अजनाल नदी के किनारे बनाए विसर्जन कुंड में नर्मदा नदी का जल भरा था।

जिसमें गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। यह पहल नदियों को प्रदूषण से बचाने और पीओपी एवं केमिकल युक्त प्रतिमाओं को सीधे नदी में विसर्जित होने से रोकने के उद्देश्य से की गई। श्रद्धालु भी इस पहल में सहयोग करते नजर आए। 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना' के जयकारों के साथ श्रद्धालु झूमते-गाते हुए विसर्जन कुंड तक पहुंचे। गाजे-बाजे, ढोल-ताशों, गुलाल और पुष्पवर्षा के साथ गणेश प्रतिमाओं की विदाई पूरे भक्ति भाव से की गई। पंडालों से लेकर घरों तक, हर स्थान पर पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु अपने विघ्नहर्ता को विदा करने पहुंचे।युवक-युवतियां ढोल की थाप पर नाचते हुए शामिल हुए

शहर के विभिन्न स्थानों से झांकियां और शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें युवक-युवतियां ढोल की थाप पर नाचते हुए शामिल हुए। प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं ने बप्पा की विदाई के लिए फूल बिछाकर स्वागत किया। विसर्जन यात्रा में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। गणेश विसर्जन को लेकर नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी की। विसर्जन कुंड पर होमगार्ड और एसडीआरएफ जवानों की मौजूदगी रही। जो श्रद्धालुओं से प्रतिमाएं लेकर कुंड में विधिपूर्वक विसर्जित करवा रहे थे। सुरक्षा के साथ-साथ व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही।

## भगवान गणेश को नम आंखों से दी विदाई

**रहटगांव।** तहसील क्षेत्र में विराजित भगवान गणेश को नम आंखों से दी विदाई। 10 दिनों तक भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर अनंत चतुर्थी पर भगवान गणेश की आकर्षण झांकी नगर में निकाली गई। युवा जागृति उत्सव समिति, खेड़ी मोहल्ला, पंछी मोहल्ला, समिति सहित जगह जगह विराजित भगवान गणेश की प्रतिमा धूमधाम से डीजे बैंड बाजे के साथ निकाली गई। जगह-जगह भगवान गणेश की झाइयों पर झांकियों पर फूल बरसा की गई पूजा अर्चना की गई अजनाल नदी के तट पर प्रशासन द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का रात्रि 10 बजे तक विसर्जन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी मनोज दुबे के तहसीलदार देव शंकर धुर्वे अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।




### गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ



**खिरकिया।** गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ...,अनंत चतुर्दशी पर भक्ति और उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा। बारिश के बावजूद सैकड़ों भक्त 'गणपति बप्पा मोरया, अगले साल जल्दी आना' के जयघोष के साथ विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। वार्ड क्रमांक 4 में विराजे बप्पा को वार्ड वासियों ने विदाई दी। वार्ड क्रमांक 4 के सभी नगर भक्तों द्वारा गणेश जी की स्थापना का यह प्रथम वर्ष था। जितेंद्र शर्मा सावन शर्मा रविंद्र दुआ आशीष अग्रवाल बंटी सलूजा अश्मित दुआ टीटी दुआ लकी सलूजा अर्णव दुआ चिरायु अग्रवाल मन्नू दुआ आदर्श शर्मा हरिप्रसाद अग्रवाल रामभरोस सेन पंडित ललित मिश्रा नगावा टिंचू वर्मा मोनू तिवारी चीनू शर्मा ऐश्वर्या शर्मा कीनिशॉ अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। भक्तों की भीड़ ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। बारिश के बावजूद लोग बड़ी श्रद्धा से गणेश विसर्जन यात्रा में हिस्सा लिया और प्यारे बप्पा को विदाई दी।

जैन धर्मावलंबियों ने शोभायात्रा निकाली

# आत्म शुद्धि पर्व दशलक्षण धर्म का समापन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा।

दिगंबर जैन धर्मावलंबियों के आत्म शुद्धि पर्व दशलक्षण धर्म का समापन अनंत चतुर्दशी के दिन हुआ। श्री दिगंबर जैन समाज ने चांदी के विमान में श्रीजी की शोभायात्रा नगर में निकाली। विश्व शांति और प्राणीमात्र के कल्याण की भावना से नगर के चारों मंदिरों में शांति धारा की गई। मुख्य बड़े दिगंबर जैन लाल मंदिर में ब्रह्मचारी संजय भैय्या और पंडित मनोज जैन ने शांतिधारा कराई। दस दिवसीय पर्युषण महापर्व में धर्मावलंबियों ने प्रतिदिन दस धर्मों की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उपवास और एकासना जैसी तप साधना भी की गई। जैन समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन और कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि इस पर्व में उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आंकिचन और ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा की गई।

सुबह मंदिर में दशलक्षण मंडल विधान की पूजा के बाद विसर्जन किया गया। दोपहर में निकली शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जैन मंदिर पहुंची। यहां 108 कलशों से श्रीजी का अभिषेक किया गया। विशाल-विकास बकेबरिया परिवार और हेमंत-पल्लव जैन अजमेरा परिवार को शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रीजी अभिषेक का सौभाग्य प्रदीप अजमेरा, ऋषित अखिल बजाज, प्रासुक सचिन जैन समेत कई श्रद्धालुओं को मिला। आरती का सौभाग्य हरदा कलेक्टर निर्वाण सिद्धार्थ जैन के परिवार को प्राप्त हुआ।

राजीव जैन ने बताया कि दिगंबर परम्परा में दसलक्षण पर्व, 10 धर्मों पर आधारित होते हैं। इन दस धर्म में उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम अकिंचन और उत्तम ब्रह्मचर्य होते हैं। चूंकि हम प्रत्येक दिन एक धर्म की आराधना करते हुए उसे अपने जीवन में अंगीकार करते हैं, और साधना को निरंतर बढ़ाते चले जाते हैं, तो इन्हीं दस धर्मों के कारण इन्हें दसलक्षण महापर्व कहा गया है। पर्व के समापन पर सोमवार को परम्परागत रूप से क्षमावाणी महोत्सव मनाया जाएगा। पर्व के दिनों में जैन समाज के श्रावकों ने दस उपवास निर्जल और केवल जल पर किए थे।

महोत्सव 7 से 22 तक चलेगा

## अग्रसेन जयंती पर प्रतियोगिताएं के साथ ही कई कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन जयंती का भव्य आयोजन कर रहा है। यह महोत्सव 7 सितंबर से 22 सितंबर तक चलेगा, जिसमें रोजाना अलग-अलग प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम होंगे। 7 सितंबर को महोत्सव की शुरुआत धीमी मोटरसाइकिल दौड़, सुलेख, चित्रकला, शतरंज और रंगोली प्रतियोगिता से होगी। 8 सितंबर को टेबल टेनिस और पिलो पासिंग, 9 को कैरम, 13 को 4 से 8 साल के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम और 14 को बैडमिंटन प्रतियोगिता रखी गई है। 15 सितंबर को छोटे बच्चों (1 से 4 वर्ष) का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 16 सितंबर को वन मिनट शो, स्ट्रॉ से कलाकृति और गोटे से ज्वैलरी बनाने की प्रतियोगिताएं होंगी। 17 को मंचीय कार्यक्रम, 18 को डांडिया सजाओ और रंगोली बनाओ प्रतियोगिता होगी। 19 सितंबर को परिचर्चा और 20 को 8 वर्ष से बड़े बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

21 सितंबर को वाहन रैली और व्यंजन मेला आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का समापन 22 सितंबर को हरिशंकर अग्रवाल मांगलिक भवन में जयंती समारोह के साथ होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल और शीला बृजमोहन अग्रवाल रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद बंसल करेंगे और महाराजा अग्रसेन का पूजन किया जाएगा। समापन समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं और सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### बिजली कंपनी ने मनोज और मुकेश गोस्वामी पर 30-30 हजार का जुर्माना लगाया

**सीहोर।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीहोर ने बिजली चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। विशेष न्यायालय सीहोर में सुनवाई के बाद न्यायाधीश एम.के. वर्मा ने दो आरोपियों मनोज गोस्वामी और मुकेश गोस्वामी को दोषी पाया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही 500-500 रुपए का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने साफ कहा कि यदि दोनों आरोपी जुर्माना जमा नहीं करते हैं तो उन्हें

शिक्षक दिवस मनाया गया, शिक्षकों ने सम्मान किया

# सेवानिवृत शिक्षक अशोक वाजपेई को विदाई दी



हरिभूमि न्यूज ⏭रहटगांव

सेवानिवृत हो चुके शिक्षक अशोक वाजपेई का विदाई समारोह शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर मनाया गया। जिसमें विकासखंड टिमरनी के कई शिक्षकों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर प्रभु शंकर शुक्ला हरदा के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पंडित ललित किशोर दाधीच, कृष्ण कुमार तिवारी, रमाकांत दुबे, अनिल अग्निहोत्री, राजेंद्र उपाध्याय, रमेश चंद्र शर्मा इंदौर, ओम प्रकाश मिश्रा, गुलाब चंद रात्रे, देवेंद्र रघुवंशी जिला शिक्षा अधिकारी, बलवंत सिंह पटेल जिला परियोजना समन्वयक,अनिल तिवारी, गंगाराम गुर्जर, सुनील दुबे, मिलन वाजपई, उपेन्द्र गदरे, मंडल अध्यक्ष अतुल बारंगे, गयाप्रसाद पांडे, राजा कौशल, अरुण तिवारी, सचिन दुबे ओम शुक्ला ,दिनेश दुबे, सुधा तिवारी निशा दुबे, नेहा दुबे साथ ही जन शिक्षा केंद्र सोडलपुर के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्राम गाड़ामोड खुर्द के ग्रामीण जन व वाजपेई परिवार के स्वजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अश्विनी दुबे व अनुष्का दुबे द्वारा कार्यक्रम में अशोक बाजपेई का पूरा जीवन वृतांत सुनाया गया। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण गौर व राजेश गुर्जर के द्वारा किया गया।



### वरिष्ठ नागरिक मंच ने नगर के शिक्षकों का सम्मान किया

**हरदा।** वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा शिक्षक दिवस पर नगर के शिक्षकों का सम्मान कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजक मंडल के सदस्य एस के बोहरा, राजू तिवारी गिरीश जोशी, नितिन सोनकर द्वारा अवध नारायण राय, अजय पाराशर, रामनिवास जाट, नारायण नायरे, संतोष मालवीय, अनिल पगारे, ओ पी वर्मा, नीतिराज चंदेल, संतोष मालवीय (दुलिया) नेमीचंद बिश्नोई, सुभाष भाटी, कुंदनलाल साहू, मुकेश शर्मा, देवीलाल विश्वकर्मा, नागेश पारे, महेश नागराज, दिनेश सराठे,पीयूष राठौर, राजेश बीलिया, पुरुषोत्तम राठौर एवं ऋषि लोवंशी का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित अवध नारायण राय सेवानिवृत शिक्षक द्वारा शिक्षकों को अपने कर्तव्य को निष्ठा के साथ करते हुए आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का संकल्प दिलाया। राजू तिवारी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

ग्राम जानपुर बावड़िया मगरखेड़ा, रायपुरा में किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# 'जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य' विधायक राय ने करोड़ों के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रमों में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए विधायक सुदेश राय ने ग्रामीणों के मध्य कहा कि जनता की सेवा ही मेरा लक्ष्य है प्रत्येक गांव मेरा घर परिवार है जनहित से जुड़े अबतक पांच हजार करोड़ के निर्माण कार्य विधानसभा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हो चुके है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित विभागीय मंत्रियों के सहयोग से हर पंचायत हर गांव में भविष्य में भी अरबों रूपये के निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

जनप्रतिनिधियों के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विधायक सुदेश राय ने जानपुर बावडिया मगरखेडा,रायपुरा के ग्रामीणों को करोड़ों रूपये लागत के निर्माण कार्यो की बड़ी सौगात दी और अनेक निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। श्यामपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर,दोराहा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा जानपुर बावडिया की सरपंच पार्वती द्वारका प्रसाद,मगरखेड़ा सरपंच उमेश कुमार, रायपुरा सरपंच इमरत लाल और ग्रामवासियों ने विधायक सुदेश राय का पुष्प मालाऐं पहनाकर स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने कहा कि जानपुर बावडिया में 2 करोड़ 40 लाख रुपये लागत की परियोजना 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन से क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली बिजली कटौती समस्या का निराकरण हो जाएगा। मंदिरों के बाहर निर्मित होने वाले टीनशेडों का भी लाभ श्रद्धालुओं के साथ समस्त जनमानस को मिलेगा। विधायक सुदेश राय ने जानपुर बावडिया में 2.40 करोड़ रुपये लागत की परियोजना 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण किया। मगरखेडा में 5 लाख रुपये से बने श्री हनुमान मंदिर के पास टीनशेड का लोकार्पण किया। रायपुरा में 37 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।

# शिक्षक दिवस पर कलेक्टर की सख्ती: शिक्षकों को सम्मान के बदले मिली चेतावनी



**सीहोर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जहां एक ओर जिले में शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर कलेक्टर बालागुरु के. ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर अधिकारियों और शिक्षकों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने ई.अटेंडेंस दर्ज न करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करने और ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन शिक्षकों और प्राचार्यों ने ई.अटेंडेंस दर्ज नहीं की है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने इस प्रक्रिया की नियमित निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वाड बनाने के लिए भी कहा। कलेक्टर बालागुरू ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करें।

**ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ें :** कलेक्टर ने ड्रॉपआउट बच्चों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें वापस पढ़ाई से जोडऩे के लिए हर संभव प्रयास करें।

कलेक्टर बालागुरू ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने ड्रॉपआउट की समस्या को कम करने के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन ने भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए भी कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर और डीपीसी रमेश राम उईके सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।